# अंत्योदय चिंतन से मिलती है सेवा की प्रेरणा

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर शाह और नड्डा ने पुष्पाजंलि अर्पित की



**नई दिल्ली, 25 सितंबर. भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माला एवं पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धाजंलि अर्पित की.**

उन्होंने कहा अंत्योदय का उनका चिंतन हमें समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की सेवा करने की सदैव प्रेरणा देता रहेगा. इस अवसर पर दोनों नेताओं ने पौधरोपण भी किया. भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी मुख्यालय में गुरुवार को अंत्योदय के प्रणेता दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भावभीनी श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए स्वच्छता ही सेवा अभियान में भाग लिया. उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, संगठन और भारतीय संस्कृति के उत्थान हेतु समर्पित रहा

### मोदी के नेतृत्व में साकार हो रहा अन्त्योदय का सपना : योगी



**मथुरा.** पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव- योगी बोले - मोदी के नेतृत्व में साकार हो रहा अन्त्योदय का सपना, अमित शाह समेत कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि पंडित दीन दयाल उपाध्याय की पुण्यस्मृति में मथुरा में आयोजित चार दिवसीय स्मृति महोत्सव के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने पंडित जी को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर कहा कि भारत आज उसी दिशा में बढ़ रहा है, जिसका सपना पंडित उपाध्याय जी ने दशकों पहले देखा था। उन्होंने कहा कि अन्त्योदय की भावना और एकात्म मानव दर्शन की विचारधारा अब देश की नीतियों में साफ झलकती है। पंडित जी की सोच आज वोकल फॉर लोकल, स्टार्टअप इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों में मूर्तरूप ले चुकी है.


# राष्ट्रपति मुर्मू ने किए बांके बिहारी के दर्शन



**लखनऊ, 25 सितंबर. महाराजा एक्सप्रेस से गुरुवार सुबह मथुरा के वृंदावन पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में दर्शन-पूजन किया.**

इसके बाद वह निधिवन पहुंचीं. यहां वृक्षों की पूजा की. इस बीच उनके दौरे को लेकर स्थानीय पुलिस पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद और सतर्क है. राष्ट्रपति मुर्मू गुरुवार सुबह 8 बजे दिल्ली से रवाना हुईं थीं. करीब डेढ़ घंटे बाद यानी 10 बजे वृंदावन रोड रेलवे स्टेशन पहुंचीं. ट्रेन के 18 में से 12 कोच राष्ट्रपति और उनके स्टाफ के लिए रिजर्व रखे गए थे। इनमें प्रेसिडेंशियल सुइट, डीलक्स सुइट, रेस्टोरेंट, लाउंज और पावर कार शामिल हैं. राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए प्रशासन ने शहरभर में प्रतिबंधित मार्गों पर दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक दुकानों को बंद रखने की अपील की है। 12वीं तक के स्कूल-कॉलेज भी बंद रखा गया है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति मुर्मू 7 घंटे मथुरा-वृंदावन में रुकेंगी। इस दौरान वह कई धार्मिक स्थलों पर दर्शन के लिए जाएंगी. द्रौपदी मुर्मू श्रीकृष्ण जन्मस्थान जाने वाली देश की दूसरी राष्ट्रपति हैं.

### उपराष्ट्रपति तिरुमाला मंदिर में पहुंचे



**तिरुमाला.** भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने बुधवार रात तिरुमाला मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर की पूजा-अर्चना की। उपराष्ट्रपति का पद संभालने के बाद यह तिरुमाला मंदिर और आंध्र प्रदेश की उनकी पहली यात्रा थी। मंदिर के प्रवेश द्वार पर पहुंचने पर उनका स्वागत किया.

# सिक्किम प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर : शिवराज



**नई दिल्ली, 25 सितंबर. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इम्फाल के अंतर्गत सिक्किम के बर्मीओक स्थित बागवानी महाविद्यालय के प्रशासनिक एवं शैक्षणिक भवन और वार्षिक क्षेत्रीय कार्यशाला का वर्चुअल उद्घाटन किया.**

कार्यक्रम में सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी, सिक्किम के कृषि मंत्री पूरन कुमार गुरुंग, कुलपति डॉ. अनुपम मिश्रा सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे. इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भले ही आज मैं सशरीर सिक्किम में मौजूद नहीं हूं लेकिन मेरी अंतरात्मा बर्मिओक के बागवानी महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन में आपके बीच ही है. भारत सरकार के प्रतिनिधि के नाते श्री भागीरथ चौधरी वहां उपस्थित हैं. चौहान ने कहा कि नवनिर्मित भवन का निर्माण 52 करोड़ रुपये की लागत से हुआ है. इसके निर्माण से सिक्किम के हमारे बेटे-बेटियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिलेगी. शिवराज सिंह ने कहा कि सिक्किम अद्भुत प्रदेश है. प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर सिक्किम की जलवायु अद्भुत है. सिक्किम की धरती पर एवोकाडो, कीवी, बड़ी इलायची, आर्किड सहित सब्जियों में अदरक, हल्दी, टमाटर और गोभियों की व्यापक संभावनाएं हैं. शिवराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की खेती तेजी से आगे बढ़ रही है. हमारे पर्वतीय राज्यों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सर्वोच्च प्राथमिकता दी है. उन्होंने कहा कि सिक्किम में खेती को आगे बढ़ाने में भारत सरकार अपनी ओर से कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी.

मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि मधुमक्खीपालन, मशरूम की खेती, बांस, औषधीय पौधों की रोपण जैसी गैर-परंपरागत फसलों को बढ़ावा देने के कारण सिक्किम की बागवानी गतिविधियों में बहुत विविधता आई है. उन्होंने कहा कि सिक्किम एक जैविक राज्य है. केमिकल फर्टिलाइजर से दूर शुद्ध उत्पाद यहां के किसान सिक्किम ही नहीं, पूरे देश में पहुंचाने का काम कर रहे हैं. इसके लिए मैं यहां के किसान भाई-बहनों को प्रणाम करता हूं.

# लद्दाख के हालात गंभीर, चुप न रहें : केजरीवाल




**नई दिल्ली, 25 सितंबर. आम आदमी पार्टी( आप ) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पार्टी के पंजाब के प्रभारी मनीष सिसोदिया ने केंद्र सरकार से लद्दाख को राज्य का दर्जा देने की मांग कर रहे लोगों का समर्थन किया है.**

केजरीवाल ने लद्दाख के लोगों की मांग को जायज बताते हुए आज कहा कि लद्दाख को राज्य का दर्जा मिलना चाहिए, राज्य का दर्जा पाना लद्दाख का हक है. हमने ये आजादी इसलिए नहीं ली थी कि जनता अंग्रेजों के बजाय भाजपा की गुलाम बन कर रह जाए. सत्ता के नशे में चूर भाजपा एक-एक कर राज्यों को केंद्र शासित प्रदेश बनाकर लोगों का संवैधानिक अधिकार छीन रही है. आज लद्दाख के हालात चिंताजनक हैं. हर सच्चे देशभक्त को लद्दाख के लोगों का साथ देना चाहिए. उन्होंने कहा कि आज लद्दाख में जो हो रहा है, वो बेहद चिंताजनक है. हर सच्चे देशभक्त को लद्दाख के लोगों का साथ देना चाहिए. हमने अंग्रेज़ों से इसलिए आज़ादी थोड़ी ली थी कि जनता अंग्रेज़ों की बजाय भाजपा की गुलाम बन जाए? भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद जैसे क्रांतिकारियों ने लोकतंत्र के लिए बलिदान दिया था.

# छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना में जिलाध्यक्षों को लेकर कांग्रेस की बैठक

**नई दिल्ली, 25 सितम्बर. कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने जिला स्तर पर संगठन सृजन अभियान के तहत गुरुवार को यहां तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के जिला कांग्रेस अध्यक्षों के चयन के लिए गठित पर्यवेक्षकों की बैठक की.**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया एक्स पर बताया कि संगठन सृजन अभियान के तहत तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के जिला कांग्रेस अध्यक्षों के चयन के लिए बनाये गये पर्यवेक्षकों के साथ बैठक की गई.



# अब चलती ट्रेन से दागेंगे मिसाइल

## मध्यम दूरी की अग्नि-प्राइम मिसाइल का सफल प्रक्षेपणब

**नई दिल्ली 25 सितंबर ( वार्ता ) भारत ने रेल आधारित मोबाइल लॉन्चर प्रणाली से मध्यम दूरी की अग्नि-प्राइम मिसाइल का सफल प्रक्षेपण किया है. अगली पीढ़ी की यह मिसाइल दो हजार किलोमीटर तक की मारक क्षमता के लिए डिजाइन की गई है और कई उन्नत सुविधाओं से लैस है.**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि विशेष रूप से डिजाइन किए गए रेल आधारित मोबाइल लॉन्चर से किया अपनी तरह का यह पहला प्रक्षेपण बिना किसी अतिरिक्त प्रणाली के रेल नेटवकज्ञ पर कार्य करने की क्षमता रखता है. इससे देश भर में कहीं भी और कम दृश्यता के साथ कम समय में प्रक्षेपण की सुविधा मिलती है. सिंह ने मध्यम दूरी की अग्नि-प्राइम मिसाइल के सफल परीक्षण पर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, सामरिक बल कमान और सशस्त्र बलों को बधाई दी है . उन्होंने कहा कि इस सफल उड़ान परीक्षण ने भारत को उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल कर दिया है, जिनके पास चलते-फिरते रेल नेटवर्क से कैनिस्टराइज्ड प्रक्षेपण प्रणाली विकसित करने की क्षमता है.

# भारतीय वायु सेना को मिलेंगे 97 नए लड़ाकू विमान

**नई दिल्ली 25 सितम्बर ( वार्ता ) रक्षा मंत्रालय ने वायु सेना के लड़ाकू विमानों के बेड़े को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 62 हजार 370 करोड़ रुपये की लागत से हिन्दुस्तान ऐरोनॉटिक्स लिमिटेड ( एचएएल ) के साथ 97 हल्के लड़ाकू विमान ( एलसीए मार्क 1 ए ) की खरीद के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किये हैं.**

रक्षा मंत्रालय ने गुरूवार को बताया कि वायु सेना को मिलने वाले इन 97 विमानों में से 68 लड़ाकू विमान और 29 दो सीट वाले विमान शामिल हैं . वायु सेना को ये विमान सभी संबंधित उपकरणों के साथ मिलेंगे. विमानों की कीमत 62 हजार 370 करोड़ रुपये में कर की राशि शामिल नहीं है. वायु सेना को ये विमान वर्ष 2027-28 से मिलने शुरू हो जायेंगे.

